## खबर संक्षेप

### पहले वोट, फिर हल्दी की रस्म

**सतना।** जिला पंचायत सतना के आजीविका मिशन में कार्यरत कंप्यूटर आपरेटर रोशनी पटेल ने अपने विवाह की हल्दी रस्म से पहले मतदान को प्राथमिकता दी। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सतना क्रमांक 9 में विधानसभा मैहर के मतदान केन्द्र 221 में पहले पहुंच कर अपना मतदान किया। रोशनी पटेल की शादी मतदान दिवस को 26 अप्रैल को है। रोशनी पटेल का कहना है कि लोकतंत्र का उत्सव अपने सामाजिक उत्सव से कहीं बढ़कर है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान केंद्र पर विवाह वाले घरों के मतदाताओं को बिना लाइन में लगे वोटिंग की सुविधा दी है और फर्स्ट हाफ में वोटिंग की अपील की है। इसलिए उन्हे समय निकाल कर मतदान करने में कोई असुविधा नहीं हुई। रोशनी पटेल ने ऐसे सभी विवाह वाले घरों के मतदाताओं से समय निकाल कर अपना मतदान आवास्यक रूप से करने की अपील की है।

### रोशनी ने कहा पहले वोट करुंगी, फिर ससुराल जाऊंगी

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9 सतना में मतदान के प्रति उत्साह की एक बेहतरीन तस्वीर सामने आई है। नागौद विधानसभा में उचेहरा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिथौराबाद अंतर्गत अतरवेदिया गांव में रोशनी कुशवाहा पिता कैदीलाल कुशवाहा की रात में बारात आई थी। मतदान की सुबह शादी की सभी रस्में पूरी होने के बाद विदाई होने वाली थी। तब रोशनी ने परिजनों से कहा कि वो पहले वोट डालेगी,फिर ससुराल जायेंगी। परिवार वालों ने बेटी की भावनाओं का सम्मान किया। दुल्हन के वेश में ही अपने पति नीरज कुशवाहा के साथ पिथौराबाद के पोलिंग बूथ क्रमांक 176 पर पहुंचकर मतदान किया। इसके बाद बारात की धूमधाम से कंचनपुर कोठी के लिए विदाई हुई। सभी लोगों ने रोशनी की इस जिम्मेदारी पूर्ण कार्य की सराहना की।

### रामचरण ने मतदान करने में दिव्यांगता को नहीं बनने दिया बाधक

**सतना।** सतना संसदीय क्षेत्र अंतर्गत मैहर जिले के सारंग निवासी रामचरण यादव ने मतदान करने में अपनी दिव्यांगता को बाधक नहीं बनने दिया। रामचरण शुक्रवार की सुबह अपनी मोटराईज्ड ट्राइसिकिल लेकर अपने मतदान केंद्र क्रमांक 252 पहुंचे। मतदान करने में सहायता प्रदान करने केंद्र पर उपस्थित दिव्यांग मित्रों ने रामचरण को मतदान कक्ष में ले जाकर मतदान कराया। रामचरण ने मतदान करने के बाद कहा कि मैं दिव्यांग हूँ किन्तु मेरे वोट से देश चलेगा और सशक्त बनेगा। इसलिए मैं वोट करने आया हूँ। मैंने मताधिकार का प्रयोग करने अपने साथियों को भी कहा है। रामचरण ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा हम जैसे दिव्यांग मतदाताओं का ध्यान रखते हुये सुविधाजनक मतदान करने के लिये जो भी व्यवस्थायें की गई है। इसके लिये निर्वाचन आयोग को बहुत-बहुत धन्यवाद। सभी जिम्मेदार नागरिकों को कहना चाहता हूं मतदान जरुर करें।

## मतदान केन्द्रों में नहीं दिखीं लंबी-लंबी कतारें

# भीषण गर्मी के कारण वोटिंग पर असर, शाम 6 बजे तक 60.37 प्रतिशत हुआ औसत मतदान

सतना। लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को दूसरे चरण के मतदान के बीच सतना में भी वोट डाले गए। इस बार उम्मीद थी कि मतदान प्रतिशत 65 फीसदी से ज्यादा जा सकता है लेकिन मतदान का औसत प्रतिशत 60.37 प्रतिशत के बीच ही रहा। इसकी वजह भीषण गर्मी भी बताई जा रही है लेकिन मतदाताओं में ज्यादा उत्साह देखने को भी नहीं मिला। लेकिन खास बात यह रही कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं वोट डालने ज्यादा संख्या में पहुंची। एक आंकड़े के मुताबिक शाम 5:00 बजे तक 57.18 प्रतिशत तक वोट डाले जा चुके थे। जबकि शाम होते होते यानी मतदान खत्म होने के समय 6:00 बजे तक यह प्रतिशत 60.37 फीसदी तक पहुंचाने की उम्मीद रही।






### कहां कितने प्रतिशत हुआ मतदान

प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना संसदीय क्षेत्र के लिये शाम 6 बजे तक किये गये मतदान के अनुसार विधानसभा चित्रकूट में 57.06 प्रतिशत, रैगांव में 60.75 प्रतिशत, सतना में 61.92 प्रतिशत, नागौद में 62.05 प्रतिशत, मैहर में 63.26 प्रतिशत, अमरपाटन में 57.41 प्रतिशत एवं विधानसभा रामपुर बघेलान में 59.72 प्रतिशत औसत मतदान हुआ। इस प्रकार सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 60.37 प्रतिशत औसत मतदान हुआ। मतदान के प्रतिशत के वास्तविक आंकड़े पीठासीन अधिकारी की डायरी से संकलित कर ही प्राप्त किये जा सकेंगे।

### गर्मी की वजह से नहीं देखी मतदाताओं की कतार

गर्मी का असर आज मतदान के समय देखने को मिला है शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र कहीं पर भी लंबी लाइन मतदाताओं देखने को नहीं मिल रही थी। सुबह जब मतदान प्रारंभ हुआ था तो कुछ जगहों पर छोटी-छोटी लाइन देखने को मिली थी। लेकिन जैसे-जैसे दोपहर होती गई वैसे-वैसे मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के पहुंचने की संख्या कम होती गई। दोपहर लगभग 3:00 बजे मैहर के जीत नगर में पोलिंग क्रमांक 130 में इक्का दुक्का मतदाता वोट डालने आते रहे लेकिन यहां पर लाइन में मतदाता नजर नहीं आया।

### आंधी तूफान से उड़ा पंडाल

शाम 4 बजे के बाद धीरे-धीरे मौसम का मिजाज बदलता नजर आया। इस बीच लगभग 5 बजे बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। हवाओं की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई जगहों पर मतदान केंद्र के बाहर लगे टेंट उड़ गए। शासकीय वेंकट उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम के सामने लगाए गए टेंट तेज हवा में उड़ गए। कई जगहों पर मतदान केंद्र से 100 मीटर दूर बैठे पोलिंग एजेंट के टेबल के दस्तावेज भी हवा में उड़ गए।

### आग उगलता रहा सूरज, पारा 42.2 डिग्री सेल्सियस



शुक्रवार को जबरदस्त गर्मी रही। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक अधिकतम तापमान 42.2 और न्यूनतम तापमान 25.01 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बुधवार को अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री और गुरुवार को अधिकतम तापमान 41.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था।

### कलेक्टर और एसपी ने आदर्श महिला मतदान केंद्र में किया मतदान



लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने सतना शहर स्थित शासकीय हाई स्कूल सिविल के आदर्श महिला केंद्र में मतदान किया। कलेक्टर अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता अपने शासकीय निवास से पैदल मतदान केंद्र पहुंचे। कलेक्टर और एसपी ने अपने परिवार के साथ शासकीय हाई स्कूल सिविल लाइंस के आदर्श महिला मतदान केंद्र-112 में आम मतदाताओं की तरह कतार में खड़े होकर अपनी बारी आने पर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने अपने अपने मोबाइल सेट भी मतदान केंद्र के बाहर जमा कराए।

### मतदान केंद्रों का निरीक्षण

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने लोकसभा निर्वाचन के लिये मतदान करने के बाद विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों के भ्रमण पर निकले। कलेक्टर श्री वर्मा और एसपी श्री गुप्ता ने मतदान के दिन विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के अनेक मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होने चित्रकूट,बिरसिंहपुर,सभापुर,रैगांव,डांडीटोला,हटिया,रामपुर चौरासी,सेलहा,गुझवां, मझगवां, सतना के अनेक मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। उन्होने मतदान केंद्रों में चल रही मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं को देखा और मतदान की ड्यूटी में संलग्न अधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को सुदृढ़ता के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये।

### जब्त किये मोबाईल फोन

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केंद्र के अंदर मोबाईल ले जाना और उसका प्रयोग प्रतिबंधित किया गया है। निरीक्षण के समय कलेक्टर श्री वर्मा को मतदान केंद्र के अंदर उपस्थित व्यक्तियों के पास अनाधिकृत मोबाईल फोन भी मिले। जिन्हे जब्त कर जमा कराया गया एवं मतदान कार्य में संलग्न कर्मियों को मतदान केंद्र के भीतर मोबाईल फोन का उपयोग नहीं करने की सख्त चेतावनी भी दी गई। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों में वोटिंग करने आये मतदाताओं से भी चर्चा की एवं सभी से निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करने के लिये कहा।

### प्रेक्षकों की रही पैनी नजर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये नियुक्त प्रेक्षकों ने मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया पर अपनी नजर बनाये रखी। व्यय प्रेक्षक स्पेंसर एम मिल्लियम ने मतदान दिवस की सुबह से मतदान केंद्रों के भ्रमण पर निकले। उन्होने मैहर जिले के भरौली मतदान केंद्र सहित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। सामान्य प्रेक्षक डॉ एस सुरेश कुमार ने संयुक्त कलेक्ट्रेट सतना में बने निर्वाचन कंट्रोल रूम और प्रकोष्ठों का निरीक्षण कर कार्यों का भी अवलोकन किया गया। इसके उपरांत प्रेक्षक डॉ कुमार ने हायर सेकंडरी स्कूल रामपुर बघेलान एवं सज्जनपुर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। पोलिंग एजेंट को बिना आईडी कार्ड के मतदान केंद्र के अंदर अनुमति नहीं दिए जाने के निर्देश मतदान अधिकारी को दिये तथा निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमत किए गए आईडी को देखकर ही मतदान कराने के लिये भी निर्देशित किया गया।

### पल-पल की जानकारी हुई संकलित

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दलों के रवाना होने से लेकर उनके सामग्री जमा करने तक मतदान केंद्रों की विभिन्न गतिविधियों और वोटिंग प्रतिशत की पल-पल की जानकारी जिला स्तरीय कम्युनिकेशन प्रकोष्ठ द्वारा संकलित की गई। ई-दक्ष सेंटर कक्ष के जिला स्तरीय कम्युनिकेशन प्लान और कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्थापित रिटर्निंग ऑफिसर स्तरीय कम्युनिकेशन प्लान द्वारा दूरभाष के माध्यम से सेक्टर अधिकारियों,एआरओ और रिटर्निंग ऑफिसर से मतदान केंद्र की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी संकलित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने मतदान दिवस की प्रातः पोल-डे कम्युनिकेशन के जिला सेंटर ई-दक्ष केंद्र पहुंचकर मतदान केंद्रों की गतिविधियों तथा सभी मतदान केंद्रों में मॉकपोल संपन्न होने की जानकारी ली।



### वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान करने में दिखाया उत्साह

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में सभी मतदान केन्द्रों पर वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं के व्हील चेयर की व्यवस्था और रैंप की व्यवस्था की गई। दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाता अपने संबंधित जनों एवं दिव्यांग मित्र के साथ मतदान केन्द्रों पर पहुंच कर उत्साहपूर्वक मतदान किया। दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं ने अपनी शारीरिक परिस्थितियों को बाधा नहीं मानते हुये विधानसभा निर्वाचन के लिये मतदान किया। साथ ही अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने के लिये प्रेरित किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं का सुगमतापूर्वक मतदान हो सके। इसके लिये पोलिंग बूथ पर व्हील चेयर की उपलब्धता के साथ ही रैंप जैसी खास सुविधायें की गई थी। विभिन्न मतदान केंद्रों में दिव्यांगजनों और वरिष्ठ मतदाताओं के पहुंचने पर मतदान दल के कर्मचारियों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

### ईएमएमसी सेंटर से हर 2 घंटे में भेजी गई एटीआर रिपोर्ट

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना और मैहर के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रो में मतदान दलों के पहुंचने से लेकर वापसी तक के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर चल रही खबरों की प्रति 2 घंटे में एटीआर (एक्शन टेकन रिपोर्ट) लिए जाने की व्यवस्था बनाई गई थी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में संचालित ईएमएमसी प्रकोष्ठ में नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर सुधीर कुमार बैक को बनाया गया था।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने शांतिपूर्ण मतदान के लिये जताया आभार

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये सतना संसदीय क्षेत्र के सतना और मैहर जिले में निर्विघ्न और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अनुराग वर्मा ने मतदाताओं, नागरिकों, चुनाव ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों तथा सुरक्षा कर्मियों का आभार जताया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों तथा राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों से मिले सहयोग के लिए भी उनका आभार माना है।

## देर रात तक पहुंचते रहे मतदान दल, व्यकंट 1 में जमा कराई गई सामग्री

**सतना।** लोकसभा चुनाव का मतदान समाप्त कराने के बाद मतदान सामग्री जमा करने के लिए पोलिंग पार्टियों का देर रात तक पहुंचने का सिलसिला जारी रहा है। प्रत्येक मतदान दल को सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने बधाई दी। उन्होने मतदान सामग्री स्थल पर जाकर सामग्री वापसी कार्य का अवलोकन किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े,आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना उपस्थित रहे। सामग्री वापसी स्थल पर सभी एआरओ सहित संबंधित अधिकारी देर रात तक उपस्थित रहकर सामग्री वितरण के कार्य की निगरानी करते रहे।

## मतदान करने पर कलेक्टर और एसपी ने दी बधाई

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता मतदान दिवस की सुबह से मतदान केंद्रों के निरीक्षण पर रहें। इस दौरान बिरसिंहपुर के मतदान क्रमांक 210 में 80 वर्षीय वृद्धा रानी सोनी को मतदान करने की बधाई दी। कलेक्टर और एसपी ने उनके साथ फोटो खिंचवाते हुये उत्साहवर्धन भी किया। इसके साथ ही मतदान केंद्र में उपस्थित आमजनों से रुबरु होकर मतदान के लिये प्रोत्साहित भी किया।

## वोट डालने पति ने किया प्रोत्साहित

**सतना।** शुभ मुहूर्त के चलते अनेकों घरों में वैवाहिक कार्यक्रम भी आयोजित हुये। ऐसे घरों के मतदाताओं ने अपनी पारिवारिक जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ मतदान करते हुये राष्ट्र निर्माण के लिये मतदान कर अपनी नैतिक जिम्मेदारी को निभाने में पीछे नहीं रहे। गुरुवार 25अप्रैल को मैहर के ग्राम झरी की कंचन शर्मा के यहां बारात आई हुई थी। कंचन ने 26 अप्रैल को वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान समय निकालकर विदाई से पहले अपने पोलिंग बूथ क्रमांक 50-झरी पहुंचकर मतदान किया। मतदान के बाद कंचन ने कहा कि एक जागरुक नागरिक की यही असली पहचान है कि वह राष्ट्रहित के कार्यों को सर्वोपरि रखते हुये अपनी जिम्मेदारी को निभाने में सबसे आगे रहें। मैने मतदान कर दिया है,आप सब भी मतदान कर अपनी जिम्मेदारी को निभायें। दुल्हन कंचन को मतदान करने के लिये उनके पति से भी खूब प्रोत्साहन मिला।

## पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने अपने परिजनों के साथ किया वोट

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना और मैहर जिले के सम्मानित नागरिकों ने भी मतदान किया। इनमें विधानसभा क्षेत्र नागौद मे भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित 85 वर्षीय पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने अपने गृहग्राम पिथौराबाद मतदान केंद्र में अपने परिवारजनों के साथ मतदान किया। श्री दाहिया के साथ उनके पुत्र और पौत्र ने भी मतदान किया।

## घर में मातम का माहौल, फिर भी किया मतदान

**सतना।** जिले की रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सौहौला निवासी श्रीमती संतोष वर्मा घर में देवर की कल हुई मृत्यु के कारण छाए मातमी माहौल के बीच भी लोकसभा निर्वाचन-2024 में बाबूपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 108 पर अपना मतदान करने पहुंची। संतोष ने मतदान केंद्र पहुंचकर बाहर लगी कतारों के दृष्टिगत सेक्टर अधिकारी अरुणेश तिवारी को बताया कि कल उसके देवर की सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है और उसे जिला अस्पताल सतना में पार्थिव शरीर लेने जाना है। सेक्टर अधिकारी ने संवेदना जताते हुए संतोष वर्मा को मतदान केंद्र में बिना कतार के ले जाकर मतदान कराया।

## आयुष सिंह ने शेयर किया अपना फर्स्ट टाइम वोटिंग इक्सपीरियंस



**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी आयुवर्ग के मतदाताओं में भरपूर उत्साह देखने को मिला। पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाता आयुष सिंह मतदान करने के बाद रोमांचित नजर आये। वोट देने की उमंग उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रही थी। उन्होने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में पहली बार वोट दिया है। मैं एक नागरिक के रूप में खुद को गौरवान्वित महसूस करता हूं और अपने कर्तव्य का निर्वहन करने से संतुष्ट हूं। वोटिंग के लिए जाने से पहले मैं बहुत उत्साहित था और उत्सुक भी था लेकिन। मुझे पता नहीं था कि मैं अपना वोट कैसे डालूंगा,लेकिन जब मैं वहां गया तो सब ठीक हो गया। आयुष ने बताया कि सौभाग्य से मतदान करने का मौका मिला और यह काफी रोमांचक अनुभव था। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते मतदान करना चाहिए,यह हमारा कर्तव्य है।

## प्रेरणा मिश्रा एवं आरुषि शिवहरे ने 92% अंक अर्जित कर नाम किया रोशन

### दोनो बेटियों की कामयाबी पर मिली ढेरों बधाई

**अनूपपुर।** हाल ही में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा हायर सेकेंडरी, एवं हाईस्कूल के घोषित किये गए परीक्षा परिणाम में अनूपपुर नगर के बरिष्ठ समाजसेवी संजय मिश्रा की भतीजी प्रेरणा मिश्रा पिता पंकज मिश्रा, माता सरिता मिश्रा ने मध्यप्रदेश 12वीं बोर्ड परीक्षा में 92% अंक अर्जित करते हुए घर परिवार और समाज का नाम रोशन किया है। बेहतर परिणाम को लेकर जब छात्रा प्रेरणा मिश्रा से बातचीत की गई तो उन्होंने उपरोक्त परिणाम का श्रेय अपने बड़े पिता संजय मिश्रा के साथ मम्मी, पापा एवं स्कूल प्रबंधन के लिए दिया। इसी तरह अनूपपुर जिले से जैतहरी नगर के वरिष्ठ किराना व्यवसायी की सुपुत्री आरुषि शिवहरे पिता पुनीत शिवहरे, माता राखी शिवहरे ने 500 में 451 अंक अर्जित कर जैतहरी नगर सहित जिले भर का नाम रोशन किया। छात्रा प्रेरणा एवं आयुषी की कामयाबी को लेकर मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, कमिश्नर संभाग शहडोल बीएस जामोद, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, एडीजीपी, डी.सी सागर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पंवार सहित जिले भर से विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवी एवं रिश्तेदारों ने दोनो छात्राओं की कामयाबी पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।



## नवविवाहिता आकांक्षा ने मतदान के साथ की अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने का उत्साह मतदाताओं में खूब देखने को मिला। लोकतंत्र के राष्ट्रीय पर्व में हर वर्ग के मतदाता अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सतना संसदीय क्षेत्र के चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत मझगवां के मतदान केंद्र क्रमांक 95 की मतदाता आकांक्षा गुप्ता की शादी 25 अप्रैल को सम्पन्न हुई। 26 अप्रैल को उसकी विदाई होनी थी। नवविवाहिता आकांक्षा ने विदाई के पूर्व अपनी लोकतंत्र के प्रति आस्था प्रकट करने के लिए मतदान करने की इच्छा जताई। उन्होंने मतदान केन्द्र में जाकर मतदान किया,फिर अपने पति एवं बारातियों के साथ अपनी ससुराल के लिए विदा हुई। आकांक्षा ने मतदान करके संदेश दिया कि लोकतंत्र का पर्व-मतदान करने का गर्व है। उन्होने कहा कि मतदान के साथ मेरे वैवाहिक जीवन की शुरुआत हो रही है, जो मेरे लिये खुशी की बात है। मतदान हमारा अधिकार ही नहीं दायित्व भी है। हर मतदाता अपने घरो से निकलकर मतदान केंद्र तक पहुंचकर मतदान अवश्य करें।

## खबर संक्षेप

### कुंडलपुर से मुनिश्री अक्षय सागरजी का मंगल विहार

**कुंडलपुर।** विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थक्षेत्र सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में 16 अप्रैल को आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान हेतु युगश्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्यों का कुंडलपुर में समागम हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों का कुंडलपुर आगमन हो रहा है । जो पूज्य बड़े बाबा के दर्शन ,अभिषेक, पूजन का लाभ ले रहे हैं। मुनिश्री की आहारचर्या में आहार दान का सौभाग्य प्राप्त कर पुणर्याजन कर रहे हैं । 23 अप्रैल से मुनि संघों का विहार का क्रम प्रारंभ हुआ। आज 25अप्रैल को कुंडलपुर क्षेत्र से मुनि संघ का विहार हुआ। आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से मुनिवरश्री अक्षय सागर जी महाराज ससंघ का मंगल विहार कुंडलपुर से हुआ। मुनि श्री सोम्यसागर जी महाराज, मुनि श्री निश्चल सागर जी महाराज, मुनि श्री निरापदसागर जी महाराज का मंगल विहार सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर से हुआ ।मुनि संघ की संभावित बिहार दिशा सम्मेदशिखर जी की ओर।

### चेक पोस्ट पर पकड़ी गई 26 पाव अवैध देसी शराब

**हटा।** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के निर्देशन एवं कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देष पर अनुविभाग हटा के अंतिम सीमा क्षेत्र सिलापरी में स्थैतिक निगरानी दल को नियुक्त कर चेक पोस्ट बनाई गई है जहां दमोह एवं हटा व आसपास के क्षेत्रो की ओर से आने वाले सभी चार पहिया दो पहिया वाहनों की चेकिंग की जा रही है एवं वाहन चालक सहित वाहन में बैठे अन्य लोगो की जानकारी निगरानी दल द्वारा नोट की जा रही है इसी क्रम में बुधवार के दिन एसएसटी टीम व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दोपहर में वाहन चेकिंग के दौरान अजय बारेला एवं कलू अठया निवासी कनौरा थाना रजपुरा से बाइक पर सवार होकर थैला में अवैध शराब लेकर जा रहे थे तभी चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान 26पाव देसी मसाला अवैध शराब जप्त कर रजपुरा पुलिस को कार्रवाई के लिए सौंपी गई। इस मौके पर नायब तहसीलदार मडियादो मंडल शिवराम चढ़ार वरि.कृ.वि. अधि.एमपी सिरवैया स.उ.निरी. हरिश्चंद्र दुबे रोज.सहायक जगत सिंह यादव की उपस्थिति रही।

### पुलिस ने पैदल मार्च निकाला

**हिण्डोरिया।** सन्निकट लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए यूपी पुलिस एवं स्थानीय पुलिस बल के द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पर संयुक्त पैदल मार्च शाम के समय निकाला गया। इसके पूर्व सुबह के समय थाना क्षेत्र के गाँव आनू, बादंकपुर, टिकरी पिपरिया, बलारपुर मे भी निकाला गया। इस पैदल मार्च के माध्यम से चुनाव में कानून व्यवस्था की स्थिति को व्यवस्थित बनाए रखने के संदर्भ में जनता को संदेश भी दिया गया। साथ ही अपराधियों को सचेत भी किया गया। टीआई अमित गौतम,सन्तोष बहादुर सिंह प्लाटून इंचार्ज (यूपी) पुलिस के संयुक्त नेतृत्व में ये पैदल मार्च निकाला गया।

### ओम व शिवांश का सुयश

**झलौन।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलौन के छात्र ओम पाठक ने कक्षा 12वींजीव विज्ञान संकाय में 92.4% अंक अर्जित कर विकासखंड तेंदूखेड़ा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।



कक्षा दसवीं में छात्र शिवांश चौराहा ने 88.2 प्रतिशत अंक अर्जित किये। विद्यालय का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 64. 9% एवं कक्षा 12वीं का 43.4% रहा। उक्त दोनों बच्चों को प्राचार्य एवं शिक्षकों, ग्राम के गणमान्य नागरिकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई एवं विद्यालय के परिणाम पर संतोष व्यक्त किया गया।



## खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में पांच बजे तक 53 प्रतिशत हुआ मतदान

# लोगों में इस बार मतदान को लेकर नहीं दिखा उत्साह






**पन्ना।** पूरे देश में लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने जा रहे है, जिसमें सात चरणों में चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कराये जा रहे है। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को देश की 88 लोकसभा क्षेत्रों में सम्पन्न हुआ है जिसमें म.प्र. की 6 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुये जिसमें खजुराहो लोकसभा क्षेत्र भी शामिल है। खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में तीन जिलों की आठ विधानसभा को मिलाकर लोकसभा क्षेत्र बनाया गया है जिसमें पन्ना जिले की पवई, गुनौर, पन्ना, छतरपुर जिले की खजुराहो तथा राजनगर एवं कटनी जिले की मुडवारा, बहोरीबंद तथा विजयराघवगढ विधानसभा शामिल है। आठ विधानसभा क्षेत्रों में 19 लाख 97 हजार मतदाता है तथा 2293 पोलिंग बूथ बनाये गये है। 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ मतदान को लेकर शुरूआती दौर में मतदान बहुत धीमा रहा धीरे-धीरे प्रतिशत बढा जो सांयकाल 5 बजे तक 52.91 प्रतिशत तक पहुंच गया तथा 6 बजे तक का अंतिम मतदान शेष रहा है। अनुमान है कि सायंकाल 6 बजे तक मतदान प्रतिशत 60 प्रतिशत के आस-पास हो सकता है। 5 बजे तक विधानसभावार जो मतदान की स्थिति सामने आई है उसमें गुनौर विधानसभा में 54.79 प्रतिशत, पन्ना 52.86 प्रतिशत, पवई 55.91 प्रतिशत, चंदला विधानसभा 47.25 प्रतिशत, राजनगर 53.83 प्रतिशत, बहोरीबंद 54 प्रतिशतख मुडवारा 51.44 प्रतिशत तथा विजयराघवगढ में 52.53 प्रतिशत मतदान हुआ है। विगत वर्ष 2019 में खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में 68.24 प्रतिशत मतदान हुआ था लेकिन इस वर्ष लगभग 10 प्रतिशत कम मतदान होने की संभावना लग रही है। लोकसभा क्षेत्र में किसी प्रकार की अप्रिय घटनाओं की जानकारी नहीं मिली है शांति पूर्ण मतदान हुआ है। खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से इस बार 14 प्रत्याशी मैदान मे रहे है जिसमें बीजेपी के वर्तमान सांसद बी.डी. शर्मा प्रमुख रहे है तथा इनका मुकाबला इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी आर.बी. प्रजापति तथा बहुजन समाज पार्टी के कमलेश पटेल सिंह से हो रहा है। इस बार इण्डिया गठबंधन ने यह सीट होने के कारण कांगेस पार्टी जो प्रमुख दल थी वह चुनाव नहीं लड रही है तथा समाजवादी पार्टी को यह सीट दी गई थी लेकिन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मीरा यादव का पर्चा निरस्त हो गया था। जिसके चलते इण्डिया गठबंधन ने अपना समर्थन आर.बी. प्रजापति को दे दिया था जो फारवर्ड ब्लाक की ओर से चुनाव लड़ रहे है। वर्ष 2019 में बी.डी. शर्मा ने 5 लाख वोटों से चुनाव जीता था। पन्ना जिले में चुनाव के दौरान अनेक प्रकार की तसवीरें सामने आई है नवविवाहित जोड़े द्वारा भी मतदान किया गया तथा 107 वर्ष की वृद्धा द्वारा भी अपना वोट डाला गया है। फिलहाल प्रत्याशियों की किस्मत ईव्हीएम में कैद कैद हो गई है तथा 4 जून को पूरे देश में एक साथ परिणाम घोषित किये जायेंगे।

### पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने परिवार सहित किया मतदान

म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने परिवार के साथ वार्ड क्र0 22 के सीनियर वेसिक स्कूल परिसर में बने पोलिंग बूथ पर अपनी मां छोटे भाई पत्नि सहित परिवार के साथ मतदान किया। तथा उन्होंने लोगों से अपील भी की कि सभी लोग मतदान अवश्य करें।

### मुटवाकला में ईव्हीएम मशीन हुई खराब

पन्ना जनपद पंचायत अंतर्गत सुबह 7 बजे जैसे ही मतदान प्रारंभ हो रहा था मतदान के लिये रखी गई ईव्हीएम मशीन चालू भी नहीं हुई उसके बाद तत्काल दूसरी मशीन लगाकर मतदान कार्य प्रारंभ किया गया।

## रोड नहीं तो वोट नहीं, मतदान का सामूहिक बहिष्कार



जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के दो घंटे बाद समझाइश पर मतदान

**पन्ना।** सलेहा कल्दा पठार के सिरसा ग्राम का लोकसभा मतदान केंद्र मुहली धरमपुरा है जहां आज चल रहे मतदान का सिरसा गांव के समस्त ग्राम वाशियो ने सामूहिक बहिष्कार किया है खबर लिखे जाने तक ग्रामीणों ने मतदान नहीं करने का सामूहिक बहिष्कार किया है सिरसा ग्राम के ग्रामीणों ने अपने गांव में सड़क एवं पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं न होने के चलते नाराजगी व्यक्त करते हुए आज लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया है प्रशासनिक अमला ग्रामीणों को मनाने में लगा हुआ है मगर खबर लिखे जाने तक सिरसा के समस्त ग्रामीणों ने गांव में सड़क और पानी की सुविधा नहीं होने से नाराजगी जाहिर की है और आज चल रहे लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया है मिली जानकारी के अनुसार खबर लिखे जाने तक एक भी ग्रामीण ने मतदान नहीं किया वर्तमान सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की है। लगभग 03:00 बजे तक प्रभावित था जिला प्रशासन को जानकारी होने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पन्ना को स्थल पर भेजकर जांच कराई गई जिला पंचायत सीईओ के अनुसार ग्राम सिरसा में मतदान के बहिष्कार की स्थिति नहीं है। मतदान केन्द्र क्र0 296 अंतर्गत सिरसा सहित 4 ग्राम शामिल है जिन्हें समझाइस के उपरांत 3 बजे तक कुल 1191 मतदाताओं में से 486 मतदाताओं ने मतदान कर दिया। ग्राम सिरसा के कुल 345 मतदाताओं ने मतदान किया। ग्रामीणों को समझाइस देने के उपरांत मतदान की गति बढ़ी मतदाताओं द्वारा मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर मतदान किया गया।

## मनमाने ढंग से किया जा रहा कढवानी नाला पुल का निर्माण



**पन्ना।** गुनौर विधानसभा अंतर्गत ग्ाम पंचायत जिजगांव के पिपरिया खुर्द तथा मढिया राव के बीच से निकले कढवानी नाला के पुल का निर्माण ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से किया जा रहा है लोगों द्वारा बताया गया है कि ठेकेदार द्वारा पुल की जगह रिपटा मनमाने ढंग से बनाया जा रहा है जबकि बडा नाला होने के चलते उक्त स्थान पर पुल का निर्माण किया जाना चाहिये क्योंकि वर्षा के समय लोगों का आवागमन बंद हो जाता है। स्थानीय लोगों ने संबंधित सथान पर पुल निर्माण की लगातार मांग की जा रही थी लेकिन ठेकेदार मनमाने तरीका से नाले के पुल का निर्माण कर रहा है स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारियों से कार्यवाही की मांग की है।

## खजुराहो लोकसभा 08 प्रत्याशी बी.डी. शर्मा मतदान प्रारंभ होने के पूर्व खजुराहो के

### मतंगेश्वर मंदिर में की पूजा अर्चना एवं बाद में पन्ना में श्री जुगल किशोर में टेका मत्था

**पन्ना।** लोकसभा खजुराहो 08 के अंतर्गत 8 तहसीलों में मतदान प्रक्रिया प्रारंभ की जानी थी उसके पूर्व ही लोकसभा 08 के प्रत्याशी बी.डी. शर्मा द्वारा मतदान प्रारंभ होने के पूर्व खजुराहो के मतंगेश्वर शिव मंदिर में पूजा-अर्चन की एवं छतरपुर जिले की तीन तहसील चंदला, लौड़ी राजनगर, पन्ना जिले की पन्ना, पवई, अजयगढ़ एवं कटनी जिले की बिजरावोगढ़, मुडवारा और बहोरीबंद तहसीलों से विजयी होने की मन्नत मांगी उसके बाद खजुराहो से चलकर पन्ना पहुंचे पन्ना में प्रसिद्ध मंदिर श्री युगल किशोर मंदिर में श्री युगल किशोर की शरण में आकर मत्था टेका तथा विजयी होने की कामना की। उनके साथ जिले के पार्टी कार्यकर्ता में प्रमुख रूप से सतानन्द गौतम, बृजेन्द्र मिश्रा, पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इसके अलावा



कई मतदान केन्द्रों का जायजा लेते हुये मतदान

## भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव की खुशी में मरीजों को फल वितरण किये



**पन्ना।** अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद नीलांजना संभाग संस्कार महिला मिलन शाखा अमानगंज श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव की खुशी में हम सभी बहने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फल वितरण हेतु पहुंचे अस्पताल पहुंचकर सभी वार्डों में घूम कर हम सभी बहनों ने सभी मरीजों के हाल-चाल पूछे और उन्हें फल वितरण किये भगवान महावीर स्वामी से उनके शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की सभी बहनों के पहुंचने से और मरीजों के हाल-चाल पूछने से मरीजों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। इस दौरान अध्यक्ष सविता जैन,सचिव सुनीता जैन ,कोषाध्यक्ष आराधना जैन अमानगंज उपस्थित रही।

## एआरएम हायर सेकेंडरी स्कूल नयागांव की छात्रा नेन्सी मिश्रा ने जिले की मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया



**सलेहा।** हाई स्कूल (दसवीं बोर्ड) के परिणाम में नैंसी मिश्रा पिता रामकुमार मिश्रा निवासी बन्धौरा ने 500 में 483 अंक प्राप्त जिले की मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का क्षेत्र का नाम रोशन किया। नैंसी मिश्रा ने अपनी पढाई ए आर एम हायर सेकेंडरी स्कूल नयागांव से की। नैंसी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता जी एवं विद्यालय के शिक्षकों को दिया। उनका उद्देश्य भविष्य में गणित समूह से अध्यन कर यूपीएससी की परीक्षा मैं सफल होना है। उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ ढेर सारी शुभकामनाएं।

## सेलिंग विधा का प्रतिभा चयन कार्यक्रम 28 अप्रैल को

**पन्ना।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार म.प्र. राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की सेलिंग विधा वर्ष 2024-25 का प्रतिभा चयन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस क्रम में आगामी 28 अप्रैल को छत्रसाल स्टेडियम पन्ना में शाम 4 से 6 बजे तक जिले के खिलाड़ियों का ट्रॉयल के माध्यम से चयन समिति द्वारा चयन किया जाएगा। इसमें 8 से 12 वर्ष के बालक एवं बालिका खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। चयन के लिए बालक एवं बालिका वर्ग में निर्धारित ऊंचाई और बीएमआई जरूरी है। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित तिथि पर ट्रॉयल स्थल पर आयु व मूल निवासी/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र व आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर ट्रॉयल में भाग ले सकते हैं। चयन ट्रॉयल में प्रतिभागिता करने वाले खिलाड़ियों को आवास, भोजन, यात्रा व अन्य व्यय स्वयं वहन करना होगा।

## ग्राम पंचायत गंज के मतदान क्र0 266 में आया टेण्डर वोट का मामला

**पन्ना।** लोकसभा क्षेत्र खजुराहो 08 के जिलार पन्ना की गुनौर जनपद पंचायत की गंज पंचायत के मतदान केन्द्र क्रमांक 266 की प्राप्त शिकायत अनुसार जिला पंचायत सीईओ नायब तहसीलदार गुनौर द्वारा 4:45 बजे मौके पर जाकर जांच की गई। जिसमें पाया गया कि श्री राजाराम कोरी के नाम से पूर्व में ही टेण्डर बोट पड़ चुका था जब राजाराम कोरी वास्तविक द्वारा अपने महचान पत्र और मतदाता पर्ची के साथ मतदान केन्द्र पहुंचे तो उनको मतदान अधिकारी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा वोट डाला जा चुका है। जिस पर मतदाता द्वारा मना किया गया कि उनके द्वारा कोई वोट नहीं डाला गया है इसके बाद मतदाता ने बाहर आकर शिकायत की जिसके आधार पर उक्त शिकायत संज्ञान में आई। मतदान केन्द्र पर उपस्थित एवं पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदाता राजाराम कोरी की पहचान की पुष्टि की गई और पाया गया कि टेण्डर बोर्ड की स्थिति है जिस अनुसार उनका निधारित प्रक्रिया अनुसार टेण्डर मत पत्र से मतदान कराया गया। मतदाता से बात की गई और वह संतुष्ट है। साथ ही मतदान केन्द्र पर उपस्थित अन्य मतदाताओं एवं बआम नागरिकों से बात की जाने पर उनके द्वारा मतदान में संतुष्टि बताई गई। वास्तविक मतदाता की पहचान की पुष्टि की जाकर टेण्डर वोट डलवाया जाकर शिकायत का निराकरण कर दिया गया है साथ ही किसी मतदान कर्मी और टीम द्वारा किसी प्रकार से किसी को भीर परेशान नहीं किया जा रहा है ग्राम पंचायत अंतर्गत सभी मतदान केन्द्र पर सुचारू रूप से मतदान जारी रहा।

# शादी के तुरंत बाद मतदान करने पहुंचे दूल्हा-दुल्हन

**पन्ना।** पन्ना में शादी के तुरंत बाद दूल्हा-दुल्हन का जोड़ा पहले मतदान करने के लिये दूल्हा-दुल्हन पहुंचे। दोनों ने वोट डालने के बाद लोगों से अपना वोट डालने की अपील की। लोकतंत्र के महापर्व में दूसरे चरण की वोटिंग शुक्रवार को हुई जब दूसरे चरण की वोटिंग हो रही थी तब दूल्हा दुल्हन के लिबास में टिकुरिया मोहल्ला से एक जोड़ा शादी के तुरंत बाद दूल्हा-दुल्हन ने



मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। दूल्हा विजयदीप रोनक शर्मा और उनकी पत्नि श्रष्टि शर्मा टिकुरिया मोहल्ला स्थित पोलिंग बूथ क्र0 171 में सेहरा बांधे दूल्हा विजयदीप रोनक शर्मा अपनी दुल्हन श्रष्टि शर्मा को लेकर सीधे मतदान केन्द्र पहुंच गये और दोनों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। वोट डालने के बाद दूल्हा दुल्हन ने आम लोगों से भी अपील की कि वे अपने राष्ट्रहित में अपने मतदाधिकार का प्रयोग जरूर करें।

# स्वास्थ्य अमले ने दिलाई शपथ

**हटा।** मलेरिया एक बेहद गंभीर मच्छर जनित रोग है जिसे हम कुछ सावधानियां बरतें तो मच्छर हमारे यहां न पनप पाएगा और न ही हमें काट पायेगा और न ही हमें मलेरिया होगा। उक्त बातें विश्व मलेरिया दिवस पर सिविल अस्पताल में हुए शपथ ग्रहण के दौरान सीबीएमओ डॉक्टर उमाशंकर पटेल ने कही उन्होंने बताया कि हम अपने घरों में तथा आसपास जहां स्थाई रूप से पानी जमा हो जाता है और मच्छर पनपने लगते हैं उसका ध्यान रखते हुए पानी को भरा नहीं रहने देंगे। स्वयं के बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग, पूरी बाहों वाले कपड़े पहनना, नीम की पत्ती का धुंआ, मच्छर अगरबत्ती या मॉस्किटो रेपेलेंट का उपयोग करके इस रोग से बचे रहेंगे। हमारी समझदारी इसी में है कि मच्छरों को पनपने ही ना दें। यह संदेश जन जन तक पहुंचे यही उद्देश्य विश्व मलेरिया दिवस मनाने का है। शपथ लेने वालों में अस्पताल आए मरीज उनके परिजन तथा स्टाफ से विक्रम सिंह मेहदेले, श्रीमती सविता पाठक, श्रीमती अनीता परासर, सुशील पटेरिया,प्रेम प्रकाश तिवारी,आदित्य श्रॉफ, महेश कुमार,मलेरिया स्टाफ से हरिशंकर साहू ,मनीष श्रीवास्तव,लाखन सिंह, राकेश कुमार,घनश्याम घारू उपस्थिति रहे।

### श्रीयंशा वर्मा 93.2% अंक लाकर आई प्रथम

**हिंडोरिया।** नगर के राजेंद्र पाठक मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्यनरत श्रीयांशा वर्मा पिता राकेश वर्मा ने कक्षा 12वी की वार्षिक परीक्षा में अभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त करते हुए 93.2% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया । वार्षिक परीक्षा में 500 अंक में से 466 अंक प्राप्त कर नगर एवम आस पास के क्षेत्र में दूसरे स्थान पर रही । छात्रा को स्कूल के संचालक रोहन पाठक , प्राचार्य मेघा पाठक , अनीता ठाकुर , राम तिवारी , दीपक राज , अंजली पाठक , शेख सानिया , पार्वती ठाकुर , मृदुला वर्मा आदि ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।



## काजल ने किया दसवीं में जिले में टॉप




**हटा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में नगर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल में अध्यनरत होनहार बेटी काजल साकेत द्वारा कक्षा दसवीं में 500 अंक में से 483अंक प्राप्त कर जिले की प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान पर आकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस सफलता पर छात्रा के पिता उमेश साकेत ने अपनी बेटी की सफलता पर काफी खुश है एवं आगे उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। वही विद्यालय में अध्यनरत छात्रा भूमिका अठया ने 500 में से 465 अंक एवं वैष्णवी प्रजापति ने 500 अंको में 464 अंक प्राप्त किए। विद्यालय परिवार व श्रीरामकृष्ण शिक्षा समिति के सदस्यो द्वारा छात्राओं का बधाई प्रेषित की गई। वही नगर की गुरुकुल विद्यालय की कक्षा 12वीं के छात्र उदित राज पटेल गणित संकाय से 500 में से 481 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में 11वां स्थान प्राप्त नगर तथा जिले को गौरवान्वित किया।उदित राज पटेल जनपद पंचायत हटा में मनरेगा मैनेजर द्वारका पटेल के सुपुत्र है।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सामग्री जमा स्थल का किया अवलोकन




**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा ने आज सायं जिला मुख्यालय स्थित मतदान सामग्री जमा स्थल शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान मतदान दलों के आगमन व निकासी व्यवस्था सहित विधानसभावार स्थापित काउंटर व तैनात कर्मचारियों के बारे में जानकारी ली। डाक मतपत्र के भण्डारण व मतदान में प्रयुक्त ईव्हीएम के स्ट्रांग रूम की निगरानी के संबंध में भी चर्चा की। साथ ही मतदान दलों के लिए की गई मूलभूत व्यवस्थाओं व सुविधाओं सहित वाहन पार्किंग स्थल का अवलोकन भी किया। मतदान दल जिला मुख्यालय से 25 अप्रैल को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए थे। मतदान संपन्न होने के उपरांत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में ही सामग्री जमा होगी।

## खबर संक्षेप

### 6 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 24 अप्रैल को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 06 चालानों में 2.600 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### कलेक्टर्स कान्फ्रेंस राजस्व की संभागीय समीक्षा बैठक 8 को

**उमरिया** । आयुक्त की अध्यक्षता में 08 मई को प्रातः 11 बजे से कलेक्टर्स कान्फ्रेंस राजस्व की संभागीय समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आहूत की गई है। बैठक में जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

### विशिष्ट संस्थाओं के कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा 28 को

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि विशिष्ट संस्थाओ के कक्षा 6 वीं की प्रवेश परीक्षा 28 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से आयोजित की गई है। संभागीय उपायुक्त कार्यालय से प्रश्नत पत्र, उत्तर पुस्तिका प्राप्त करना परीक्षा पूर्ण पश्चात केन्द्रों से प्राप्त कर निर्धारित स्थल पर जमा करना, सभी केन्द्राध्यक्षों को नियमों से अवगत कराना एवं संपूर्ण प्रक्रिया को पूर्ण कराये जाने हेतु राणा प्रताप सिंह विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पाली को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु टास्क फोर्स की बैठक 29 को

**उमरिया।** खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम, नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है। जिले मे खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम नियंत्रण हेतु बैठक 29 अप्रैल को समय सीमा की बैठक पश्चात दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे आयोजित की गई है। बैठक मे सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### सट्टा पर्ची काटते युवक धराया

**शहडोल।** बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 24 अपैरल को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि बनियान टोला, बुढ़ार के पास में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा उक्त सूचना में बताए गए स्थान में दबिश देकर आरोपी आकाश सोनी पिता प्रदीप सोनी उम्र 26 वर्ष निवासी बनियान टोला बुढ़ार को सट्टा-पर्ची काटते हुए पकड़ा गया, जिसके कब्जे तलाशी लेने पर से सट्टा पर्ची, पेन एवं नगदी 250 रुपये जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### घर से सामान लेने दुकान गई बहन नहीं आई वापस, शिकायत दर्ज

**कोतमा।** थाना अंतर्गत निगवानी निवासी रोहित कुमार नामदेव ने 26 अप्रैल को थाने में शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी 19 वर्षीय बहन 25 अप्रैल को दोपहर में घर से सामान लेने के लिए दुकान जाने को कह कर निकली थी लेकिन काफी समय तक जब वह वापस नहीं आई। अब उसकी पता तलाश शुरू किया गया उसकी सहेलियों एवं रिश्तेदारों से पता किया गया लेकिन उसकी कहानी पता नहीं चल पा रहा है। अपने साथ मोबाइल भी रखी है लेकिन उसका फोन बंद बता रहा है। शिकायत पर पुलिस ने गुम इंसान काम करते हुए विवेचना में लिया।

## औसतन 65 फीसदी के आसपास मतदान किया गया

# भीषण गर्मी में महिलाओं और बुजुर्गों ने भी किया मतदान

**छतरपुर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के दूसरे चरण में छतरपुर जिले के तीनों लोकसभा क्षेत्र टीकमगढ़, दमोह और खजुराहो में सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ जो शाम 6 बजे तक चलता रहा। हालांकि छतरपुर जिले में इन दिनों गर्मी का भीषण प्रकोप है। सुबह से दोपहर तक पारा लगभग 40 के करीब रहा इसके बावजूद लोगों ने पिछले चुनावों के मुकाबले अधिक मतदान किया। खबर लिखे जाने तक मतदान के सही आंकड़े एकत्रित नहीं हो सके थे लेकिन अनुमान के मुताबिक जिले की सभी 6 विधानसभा सीटों पर बनाए गए मतदान केन्द्रों में औसतन 65 फीसदी के आसपास मतदान किया गया। मतदान के लिए महिलाएं और बुजुर्ग भी उत्साह के साथ घरों से निकले। कलेक्टर संदीप जीआर, डीआईजी ललित शाक्यवार और पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में लगभग 4 हजार सुरक्षाकर्मियों और 6 हजार से अधिक मतदानकर्मियों ने लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना दायित्व निभाया। जिले में कहीं भी हिंसा से जुड़ी कोई खबर सामने नहीं आयी। हालांकि कुछ स्थानों पर धीमी वोटिंग और तकनीकी खराबी से जुड़े मामले सामने आते रहे।



### जनप्रतिनिधियों ने मतदान करने के बाद की अपील
### कुछ केन्द्रों पर दिखा उत्साह, तो कहीं दिखीं अव्यवस्थाएं



सुबह 7 बजे शुरु हुई मतदान प्रक्रिया के बाद जिले के मतदान केन्द्रों से तस्वीरें सामने आना शुरु हो गई थीं, जिनमें कुछ केन्द्रों पर मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला तो कुछ केन्द्रों पर अव्यवस्थाएं भी देखने को मिलीं। हालांकि ज्यादातर मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रक्रिया निर्विघ्न संपन्न हुई। भीषण गर्मी से बचने के लिए सुबह के वक्त मतदान केन्द्रों पर भीड़ देखने को मिली। हालांकि दोपहर में भी जागरुक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। मतदाताओं के स्वागत में केन्द्रों की विशेष साज-सज्जा भी की गई। महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के हरपालपुर नगर के शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल से अव्यवस्था की तस्वीरें सामने आई। दरअसल विद्यालय में बने मतदान केंद्र क्रमांक 25 पर ईवीएम मशीन में कुछ गड़बड़ी आने से लगभग एक घंटे तक मतदान बाधित रहा और मतदान रुकने से तेज गर्मी में मतदाताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि ईवीएम बदलने के बाद पुनः मतदान शुरू हो गया।

### विवाह की रस्में छोड़कर मतदान करने पहुंचे वर-वधु



जिले के कई मतदान केन्द्रों पर नवविवाहित जोड़ों ने भी मतदान किया है। दमोह लोकसभा क्षेत्र की बड़ामलहरा विधानसभा अंतर्गत प्राथमिक शाला बमनौरा में दीपक अहिरवार ने मतदान किया है, जिनका आज विवाह होना है। विवाह की रस्में रोककर दीपक ने जागरुक मतदाता का फर्ज निभाया और मतदान किया। वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय पर पूजा साहू ने अपने पति सत्यम साहू और भाई संतोष साहू के साथ अपनी विदाई से पहले मतदान केन्द्र जाकर मतदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विवाह के साथ-साथ मतदान भी जरूरी है। इसी तरह जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या-हरिओम अग्निहोत्री के पुत्र आकाश अग्निहोत्री ने भी बारात जाने से पहले मतदान किया। नौगांव निवासी पूजा साहू ने मतदान करने के बाद डोली में विदा होने का फैसला लिया और शादी के जोड़े में दूल्हा के साथ मतदान केन्द्र पहुंची और लोकतंत्र के महापर्व पर लोकतंत्र के महायज्ञ में अपने मत की आहुति देकर अपने दूल्हे के साथ सेल्फी ली। राजनगर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र 76 ग्राम मनिया में सात फेरे लेने के बाद विदा होने से पूर्व नवविवाहिता रक्षा पिता स्व.कमलेश दीक्षित ने अपना मतदान किया। नवविवाहिता रक्षा का विवाह बीती रात अंशुल मिश्रा पिता प्रकाश मिश्रा निवासी ग्राम टहनगा लवकुशनगर के साथ संपन्न हुआ था। जिले के कई अन्य मतदान केन्द्रों से भी वैवाहिक जोड़ों द्वारा मतदान किए जाने की तस्वीरें सामने आईं।

### पुलिस और प्रशासनिक अमले ने किया मतदान

आम लोगों के साथ-साथ जिले के पुलिस और प्रशासनिक अमले ने भी मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने सपत्नीक मतदान किया तो वहीं डीआईजी ललित शाक्यवार भी अपनी पत्नी के साथ शहर के दूधनाथ मंदिर में मतदान करने पहुंचे। मतदान के उपरांत उन्होंने लोगों से अधिकाधिक मतदान करने की अपील की। एसपी अगम जैन ने भी अपनी पत्नी के साथ इसी मतदान केन्द्र पर मतदान किया। जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार ने मतदान करने के बाद कहा कि सभी मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागिता करें।





### मतदान केन्द्रों पर चौकस रही सुरक्षा व्यवस्था

शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए पुलिस महकमे ने पहले से ही तैयारियां की हुई थीं, जिसके परिणामस्वरूप संपूर्ण जिले में शांतिपूर्वक मतदान जारी हैं। मतदान के बाद डीआईजी ललित शाक्यवार ने जिले के कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर यहां तैनात पुलिस बल से बातचीत की। वहीं एसपी अगम जैन ने भी मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### चुनाव ड्यूटी कर रहे पीठासीन अधिकारी को आया हार्टअटैक

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान बड़ामलहरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा में बनाए गए मतदान केन्द्र पर नियुक्त पीठासीन अधिकारी को ड्यूटी के दौरान ही हार्टअटैक आ गया। अधिकारी की उम्र 49 वर्ष है और उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शाम करीब साढ़े 5 बजे कुंवरपुरा मतदान केन्द्र में तैनात पीठासीन अधिकारी रामप्रकाश विश्वकर्मा को अचानक सीने में दर्द की शिकायत हुई और उसके बाद वे जमीन पर गिरने लगे। उन्हें सहयोगी स्टाफ ने संभाला और वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी। मौके पर ही स्टाफ के लोगों ने पहुंचकर उन्हें बड़ामलहरा अस्पताल पहुंचाया। बड़ामलहरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉ. हेमंत मरैया एवं डॉ. केपी बामौरिया ने उन्हें तत्काल सीपीआर दिया और इसके बाद उनका ईसीजी किया गया। कलेक्टर संदीप जीआर को जानकारी लगने के बाद पीड़ित पीठासीन अधिकारी को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल भेजा गया। इस मौके पर एसडीएम प्रशांत अग्रवाल और टीआई कमल सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे।



## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अपर मुख्य सचिव ने सीईओ को दी

**उमरिया।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 मे दर्ज शिकायतों के निराकरण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह मार्च 2024 में संतुष्टि वेटेज 51.9 प्रतिशत एवं 80.7 प्रतिशत कुल वेटेज प्राप्त कर ए ग्रेड प्राप्त करते हुए प्रदेश स्तर पर 17वां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने विभाग की ओर से मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन का कार्य कर रहे सभी अधिकारियों-कर्मचारियो को बधाई एवं शुभाकामनाएं प्रेषित की है एवं कहा है कि भविष्य में भी इसी संपूर्ण निष्ठा तथा समर्पण भावना से आम जन की सेवा निष्पादन में सीएम हेल्पलाइन मे प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराते रहेंगे।

### अपर मुख्य सचिव ने सीईओ मानपुर को दी शुभकामनाएं

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 मे दर्ज शिकायतों के निराकरण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर राजेन्द्र त्रिपाठी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह मार्च 2024 में संतुष्टि वेटेज 53.8 प्रतिशत एवं 85.5 प्रतिशत कुल वेटेज प्राप्त कर

## शहीद को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

# आर्मी के जवान का गृहग्राम में हुआ अंतिम संस्कार

चंदला

बीते दिनों छतरपुर जिले के एक आर्मी के जवान लेह लद्दाख में सड़क दुर्घटना में शहीद हो गए थे। आर्मी जवान शालिगराम यादव छतरपुर जिले के चंदला थाना के बछौन चौकी क्षेत्र के सूरजपुर गांव के रहने वाले थे और वे लेह लद्दाख में जाट रेजीमेंट में पदस्थ थे। 23 अप्रैल के दिन सेना का ट्रक खाई में गिर गया था जिसमें शालिगराम यादव भी ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे। जवान के शव को आज उनके जन्म स्थल सूरजपुर बछौन पहुंचाया गया। शव के पहुंचने के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया साथ ही शहीद शालिगराम यादव को गॉड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।

दरअसल बीते दिन यानी कि 23 अप्रैल के दिन शालिगराम



यादव पिता स्व मत्ती उर्फ माथुर यादव अपनी सेना के साथ ट्रक में सवार थे तभी ड्यूटी के दौरान सेना का ट्रक खाई में गिर गया और वो शहीद हो गए। घटना के बाद इसकी खबर बड़े अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे जहां उन्हें नजदीकी के मिलेट्री अस्पताल में ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शालिगराम यादव की शादी दो साल पहले सुप्रिया यादव से हुई थी जिनका एक 6 महीने का बच्चा भी है। बच्चे का नाम अनुभव यादव है। शालिगराम के पिता का लंबी बीमारी के चलते पहले ही देहांत हो गया था। अब उनके घर में तीन भाई थे जिसमें शालिगराम यादव मंझले बेटे थे, उनमें से बड़े भाई का नाम संतू यादव है तो दूसरे भाई का नाम बट्टू यादव है। शहिद जवान के भाई बट्टू यादव ने बताया कि शालिगराम बीते माह छुट्टी में घर आया था जो लगभग एक माह की छुट्टी बिताकर गया था। शालिगराम की तैनाती साल 2017 में हुई थी जिसकी अब पोस्टिंग होनी थी लेकिन परिजनों का सपना टूट गया।

# अब तक 48 किसानों द्वारा 2143.50 क्विटल गेहूं की खरीदी

**उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेहूं उपार्जन के लिये उमरिया जिले में आदिम जाति/सेवा सहकारी समितिया के कुल 26 गेहूं उपार्जन केन्द्र एवं स्व-सहायता समूह के माध्यम से 8 उपार्जन केन्द्र कुल 34 गेहूं उपार्जन केन्द्र जिले में बनाये गये है । गेहूं उपार्जन का कार्य माह मार्च 2024 से प्रारंभ हो गया है जो 15 मई तक चलेगा ।

उन्होंने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 मे गेहूं विक्रय के लिए इच्छुक 14509 किसानों द्वारा गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन किया गया है जिसमें से 609 किसानो द्वारा गेहूं विक्रय के लिए स्लाट की बुकिंग की जा चुकी है। अब तक 48 किसानों द्वारा 2143.50 क्विटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है।

शासन के निर्देशानुसार जिले में कृषको की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए गेहूं उपार्जन कार्य सप्ताह में 07 दिवस उपार्जन अवधि तक पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए है । रबी विपणन मौसम 2024-25 के लिए औसत अच्छी गुणवत्ता एफएक्यू के गेहूं का उपार्जन किया जाना है, जिसके लिये शासन द्वारा समर्थन मूल्य मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु कृषकों को राशि रूपये 2400 प्रति क्विंटल (समर्थन मूल्य रूपये 2275$ बोनस रू.125) का भुगतान किया जाना निर्धारित किया गया है।

### 15 मई तक अपनी उपज गेहूं की स्लॉट बुकिंग

जिले के गेहूं विक्रय के इच्छुक सभी किसानो से अपेक्षा की गई हैं कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने हेतु शासन की नियत अवधि 15 मई तक अपनी उपज गेहू स्लॉट बुकिंग कर नजदीकी गेहूं उपार्जन केन्द्र पर विक्रय कर शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सकते है।

# गाइड लाइन के अनुरूप नहीं बनी कॉलोनियां, दाम काफी अधिक



### गैर लायसेंसी कालोनाइजर जुटे व्यवसाय में, अफसर निश्चिंत

**शहडोल।** जिले में अवैध प्लाटिंग व कालोनाइजिंग की होड़ लगी हुई है। चारो तरफ कालोनियां बन रहीं हैं। अब तक ऐसी कई कालोनियां यहां खड़ी की जा चुकीं हैं। इनके आवास भी बिक जाते हैं। लेकिन कालोनी के निर्माण और आवासों की गुणवत्ता की जाच पड़ताल नहीं होती। आवासों की दीवारों व छतों में साल दो साल में ही दरार पड़ जाती है। गैर लायसेंसी कालोनाइजरों की भीड़ बढ़ती जा रही है लेकिन प्रशासन न तो इनकी खोज खबर लेता न इन पर कभी कोई कार्रवाई होती है। यही कारण है कि इनके हौसले बुलंद रहते हैं और कालोनियां खड़ी कर दी जाती हैं। और तो और ग्रामपंचायत क्षेत्रों में भी कालोनियां बनाने की होड़ लग गई है। लेकिन आज तक प्रशासनिक अधिकारियों ने उसकी वैधानिकता की जांच नहीं की है। जबकि कालोनी बनाने वाले ने कई मामलों में नियमों का उल्लंघन किया है। अब तो कई कालोनियां ग्रामीण क्षेत्रों में खड़ी की जा रहीं हैं जिनका लाभ ग्रामपंचायतों को मिलना चाहिए लेकिन ग्राम पंचायतें भी उसके लाभ से वंचित हैं।

### कर्मकार मण्डल को शुल्क नहीं

किसी भी बड़े निर्माण कार्य से पूर्व नियमतः सन्निर्माण कर्मकार मण्डल को सूचित कर वहां शुल्क जमा करना पड़ता है। ताकि अगर निर्माण के दौरान घटना हो तो प्रभावितों की मदद की जा सके। लेकिन एप्पल सिटी के निर्माण के दौरान कर्मकार मण्डल को कोई शुल्क जमा नहीं किया गया है। यह एक गंभीर लापरवाही है। अगर जांच हो तो इसमें कालोनाइजर के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई भी हो सकती है। ऐसा नहीं है कि कालोनाइजर इन बातों को जानते नहीं है वे जानबूझ कर प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं।

**न विकास शुल्क न एनओसी**

ग्रामपंचायत को कालोनाइजर ने विकास शुल्क का भुगतान नहीं किया है। बिना विकास शुल्क का भुगतान किए ग्राम पंचायत क्षेत्र में निर्माण कराना प्रावधान उल्लंघन के दायरे में आता है। कालोनाइजर ने इसका भी पालन करना और विकास शुल्क करना जरूरी नही समझा है। मुख्य बात यह है कि कालोनाइजर ने ग्राम पंचायत से अनुमति लेना और उसके प्रावधानों का पालन करना जरूरी ही नहीं समझा। इसीलिए उसके पास ग्रामपंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं मिला है। बिना पंचायत की एनओसी के ही निर्माण कार्य कराया गया है। कालोनी का निर्माण आज भी पंचायत के लिए आपत्तिजनक हो सकता है।

**लाखों रुपए की क्षति**

कालोनाइजर ने कर्मकार मण्डल व ग्रामपंचायतों के शुल्क दबाकर शासन को लाखों रुपए का चूना लगाया है। इसी तरह उसने कई अन्य व्यय भी नहीं किए हैं। कालोनी का निर्माण कराया लेकिन कालोनाइजिंग का लाइसेंस नहीं है। नियमविरुद्ध ढंग से कालोनी का निर्माण कराया गया है। यही नहीं शहर में और भी कई कालोनाइजर पनप रहे हैं जो केवल कालोनी बनवाकर मुनाफा कमा रहे हैं लेकिन उनके पास वैधानिक अधिकार नहीं है। सब केवल चोरी कर रहे हैं।

**मानक के अनुरूप सुविधा नहीं**

कालोनी का निर्माण तो कराया गया लेकिन मानक के अनुरूप सुविधाएं नहीं दी गईं। पार्क का निर्माण, मनोरंजन के लिए मंच, पर्याप्त पक्की नालियों का निर्माण, पर्याप्त चौड़ाई वाली सडकों का निर्माण आदि कार्य अपूर्ण प्रतीत होते हैं। कालोनी की अगर सभी विन्दुओं पर जांच हो तो यह अवैध ही मानी जाएगी। लेकिन हैरानी तो इस बात की है कि यह प्रशासन को दिखाई नहीं पड़ रही है।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छात्र-छात्राओं ने बढ़ाया नगर का मान

**चचाई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चचाई के कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान छात्र अनुष्का चौरसिया पिता संजय चौरसिया कला संकाय में 80.8 परसेंट जबकि द्वितीय स्थान पर नैंसी रजक पिता किशोरी लाल रजक जीव विज्ञान संचार में 79.8 परसेंट जबकि तृतीय स्थान पर दीपिका तांबे पिता दीपक तांबे कला संकाय में 77.4% अंक अर्जित कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान पर अनामिका सोनी पिता अशोक सोनी ने 76% अंक प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान पर आशीष कुमार शर्मा पिता विश्वजीत शर्मा ने 72.4 प्रतिशत अंक लिए तीसरे स्थान पर अंजली यादव पिता रंग लाल यादव ने 69.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एवं अपने परिवारजनों का नाम रोशन किया। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चचाई में कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं कक्षा आठवीं व कक्षा पांचवी में विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



